राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

ब्लॉक नं0–4, शिक्षा संकुल, जयपुर–302015
Email- cao.cce@rajasthan.gov.in Ph – 0141-2703897

अतिआवश्यक

क्रमांक : एफ 24(77) लेखा–ए–अनुदान/आकाशि/2022/1818 दिनांक 16.06.2023

प्राचार्य,
राजकीय कन्या महाविद्यालय
अजमेर

विषय :– महाविद्यालय से सम्बन्धित न्यायिक प्रकरणों के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय (पूर्व अनुदानित संस्था सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर) में कार्यरत रहे कार्मिकों के द्वारा अपने बकाया दावों हेतु माननीय न्यायालय में वाद दायर किये जा रहे है। उक्त समस्त प्रकरणों के निस्तारण हेतु दिनांक 20.06.2023 को आयुक्तालय स्तर पर कैम्प लगाया जा रहा है। अतः महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त प्रकरणों की सूची उनके बकाया का सम्पूर्ण विवरण, किये गये भुगतान का पूर्ण विवरण, वाद का पूर्ण विवरण सहित उक्त दिवस को प्रातः 11 बजे आयुक्तालय में वांछित रिकॉर्ड सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रकरण से सम्बन्धित प्रत्येक कार्मिक/याची को इस सम्बन्ध में वांछित दस्तावेजों सहित उपस्थित होने के लिए निर्देशित करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

मुख्य लेखाधिकारी
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांक : एफ 24(77) लेखा–ए/अनुदान/आकाशि/2022/1819–21 दिनांक 16.06.2021
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. उपविधि परामर्शी, कॉलेज शिक्षा को भेजकर निवेदन है कि राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर से सम्बन्धित समस्त प्रकरणों के सम्बन्ध में भुगतान आदि के बारे में विधिक राय प्रदान करावें।
02. राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर के पूर्व अनुदानित कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त दिवस को वांछित रिकॉर्ड सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
03. वैबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, को वैबसाईट पर अपलोड करने बाबत।

मुख्य लेखाधिकारी
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान